कार्यालय, प्राचार्य, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़

---

दिनांक :– 04.04.2023

# एन. सी. सी. विभाग

## वार्षिक प्रतिवेदन - 2022-2023

**मंगल राम मीना ,**
**सहायक आचार्य एवं,**
**एनसीसी प्रभारी**

श्री रतनलाल कँवरलाल पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़ में एन.सी.सी गतिविधियाँ 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के निर्देशानुसार करवाई जाती है। महाविधालय में कुल 160 एन सी सी कैडेट्स की संख्या अधिकृत है, जिसमे 33% छात्रा कैडेट्स के लिए आरक्षित है। सत्र 2022 - 23 में प्रथम वर्ष हेतु एन.सी.सी भर्ती दिनांक 28/09/2022 को आरपीटीसी, किशनगढ़ के मैदान पर 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के कमान अधिकारी कर्नल बी.पी. फर्नांडिस के नेतृत्व में आयोजित की गई। भर्ती के लिए 348 छात्रों एंव 115 छात्राओं ने आवेदन किए। छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर दौड़ 05.30 मिनट एवं छात्राओं के लिए 06.30 मिनट का समय तय किया गया । दौड़ के बाद लिखित परीक्षा एंव साक्षात्कार किए गए । परीक्षा में 273 छात्र एंव 99 छात्राएं शामिल हुई । अंतिम रूप से 21 छात्रा कैडेट्स व 34 छात्र कैडेट्स का चयन किया गया।

मीडिया कवरेज

**एन.सी.सी. भर्ती सम्पन्न**

# दौड़ में बहाया पसीना, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में दिखाई प्रतिभा



किशनगढ़ के आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एन.सी.सी. भर्ती में शामिल अधिकारी। पत्रिका

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़ के नियमित विद्यार्थियों की प्रथम वर्ष के लिए एनसीसी की भर्ती की गई।

सिलोरा स्थित आरपीटीसी के मैदान पर 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के कमान अधिकारी बी. पी. फर्नांडिस के नेतृत्व में यह भर्ती हुई। इस एनसीसी भर्ती के लिए कॉलेज के 348 छात्रों एवं 115 छात्राओं ने आवेदन किए। एनसीसी भर्ती के लिए छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर दौड़ 5.30 मिनट एवं छात्राओं के लिए 6.30 मिनट का समय तय किया गया। दौड़ के बाद लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार किए गए। परीक्षा में 273 छात्रों एवं 99 छात्राएं शामिल हुई। अंतिम चयन सूची कॉलेज में चस्पा की जाएगी। भर्ती के दौरान 11 राज बटालियन के सूबेदार मेजर समुद्र चौधरी, सूबेदार प्रतापसिंह, सूबेदार देवकरणसिंह, सूबेदार महेंद्र सिंह एवं पी.आई. स्टाफ और कॉलेज प्राचार्य पी.डी. जांगिड़, एन.सीसी अधिकारी मंगल मीणा, सह आचार्य जे. पी. शुक्ला, अनुराग शर्मा एवं सहायक आचार्य मधु कुमावत, भजनलाल, राकेश वर्मा, अक्षय नारायण पारीक, अविनाश अग्रवाल एवं धीरेन्द्र सिंह महनोत शामिल रहे।

# एनसीसी भर्ती में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मदनगंज-किशनगढ़

## 463 विद्यार्थियों ने किया आवेदन

सिलोरा स्थित आरपीटीसी सेंटर पर बुधवार को आर के पाटनी राजकीय महाविद्यालय की प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के



किशनगढ़। एनसीसी में भर्ती के लिए दौड़ लगाते विद्यार्थी। योगेश पुरोहित

लिए एनसीसी भर्ती शुरू हुई। एनसीसी में भर्ती के लिए 463 विद्यार्थियों यथा 348 छात्र व 115 छात्राओं ने आवेदन किया। सुबह से ही भर्ती सेंटर पर विद्यार्थियों की भीड़ उमड़ी।

एनसीसी भर्ती प्रक्रिया आरपीटीसी सेंटर न्यू कैम्पस सिलोरा, किशनगढ़ के मैदान पर 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के कमान अधिकारी बी. पी. फर्नांडिस के नेतृत्व में की गई। भर्ती हेतु छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर दोड़ के लिए छात्रो के लिए 5.30 मिनट और छात्राओं के लिए 6.30 मिनट का समय रखा गया। इसके पश्चात लिखित परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन किया गया। परीक्षा में 273 छात्रों व 99 छात्राओं ने भाग लिया। एनसीसी के राजकीय महाविद्यालय के कमांडिग अधिकारी मंगल मीना ने बताया कि अंतिम चयन सूची महाविद्यालय में चस्पा की जाएगी। एनसीसी भर्ती प्रक्रिया के दौरान 11 राज बटालियन के सूबेदार मेजर समुद्र चौधरी, सूबेदार प्रताप सिंह, सूबेदार देवकरण सिंह, सूबेदार महेंद्र सिंह एवं पी. आई. स्टाफ तथा राजकीय महाविद्यालय किशनगढ़ से प्राचार्य पी. डी. जांगिड़, डा. जे. पी. शुक्ला, अनुराग शर्मा, डॉ मधु कुमावत, भजन लाल, राकेश वर्मा, अक्षय नारायण पारीक, अविनाश अग्रवाल, धीरेन्द्र सिंह महनोत मौजूद रहे।





21.06.2022 को योग दिवस को महाविधालय परिसर में योग करवाया गया।




एन सी सी कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर दिनांक 15.07.2022 से 24.07.2022 तक व 26.07.2022 से 04.08.2022 तक दो चरणों में टैगोर इंटरनेशनल स्कूल कुचामन सिटी, नागौर में आयोजित किया गया ।

समय-समय पर संपन्न हुए निम्न राष्ट्रिय कैंपो में कैडेट्स ने भाग लिया :-


ई.बी.एस.बी. भरतपुर (02 कैडेट्स ), BLC CUM CATC, BANSUR ALWAR (05 कैडेट्स), स्पेशल नेशनल इंटीग्रेशन कैंप जैसलमेर(03 कैडेट्स ),  CATC XIV PRE IGC RDC GROUP SELECTION CAMP उदयपुर(03 कैडेट्स ), Pre RDC CAMP अजमेर (13 कैडेट्स ).

महाविधालय में 02.10.2022 को गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे एन सी सी कैडेट्स ने अपनी भागेदारी निभाई




महाविधालय में 26.11.2022 को संविधान दिवस  के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे एन सी सी कैडेट्स ने अपनी भागेदारी निभाई।

दिनांक 12.01.2023 को 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर परिसर में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को  फायरिंग प्रक्षिक्षण दिया गया ।



मतदाता जागरूकता पर व्याख्यान हुआ । सहायक आचार्य डॉ. मधु कुमावत ने विद्यार्थियों को मतदान से संबधित जानकारियाँ दी और एनसीसी प्रभारी मंगल राम मीना के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।





सत्र- 2022-23 में 11 राज बटा. एन सी सी यूनिट अजमेर स्टाफ व एन सी सी प्रभारी मंगल राम मीना द्वारा थ्योरी क्लासेज व परेड करवायी गई ।








स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस को कैडेट्स ने पायलेटिंग व परेड में योगदान दिया और राष्ट्रिय पर्व को सफल बनाया ।




श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़

सत्र- 2022-23 के लिए 18.02.2023 से 19.02.2023 तक संपन्न 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा में 52 कैडेट्स व 18.03.2023 से 19.03.2023 तक संपन्न 'सी ' प्रमाण पत्र की परीक्षा में 59 कैडेट्स (13 एक्सटेंशन कैडेट्स ) शामिल हुए।




प्राचार्य
श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
किशनगढ़ (अजमेर)

एनसीसी अधिकारी